दिनांक 6 जुलाई 2021 मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव (व्याख्यानमाला) पुष्प–1 में मुख्य अतिथि व प्रधान वक्ता के रूप में हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख आर.एस.एस. एवं कोरोना उन्मूलन कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक श्री गंगा शंकर मिश्र रहे। विषय का मूल बिन्दु रहा ''कोरोना काल में शिक्षण संस्थानों की भूमिका''। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक संस्थान महाविद्यालय से शिक्षकों को चाणक्य के आदर्शों विचारधारा पर चलते हुए अनेक चंद्रगुप्त राष्ट्र के उत्थान के लिए पैदा करने चाहिए। उन्होंने कहा कि महा आपदा के दौरान जितना सहयोग शिक्षक दे सकते हैं उतना समाज का अन्य वर्ग नहीं दे सकता। आज हमको शिक्षा के साथ संस्कार देना बहुत जरूर हैं तभी भारत का आध्यात्मिक व भौतिक विकास संभव है।

इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. कुष्णकान्त गुप्ता जी ने मुख्य अतिथि मिश्र जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चय ही हम आपकी अपेक्षाओं के प्रति कृत–संकल्प रहेंगे। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. कुष्णकान्त गुप्ता जी ने कहा कि पिछली आपदा काल से लेकर आज तक हमारे प्राध्यापक और विद्यार्थी हर संभव सहयोग समाज को पद्रान कर रहे हैं। रक्तदान, भोज वितरण, ऑक्सीजन व्यवस्था, मास्क वितरण, वृक्षा रोपण, प्लाज़्मा दान, योग शिविर आदि तमाम रचनात्मक कार्य शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा निरंतर किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. बाँके बिहारी और डॉ. जयपाल सिंह द्वारा किया गया।